ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)
चौथा तल, सेवा भवन, आर के पुरम, सेक्टर -1, नई दिल्ली-66
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in , फोन: 011- 26766700

आशुलिपिक के पदों के लिए आवेदन

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा भारतीय नागरिकों से केन्द्र सरकार के नियमों के अनुसार देय भत्तों सहित पे मैट्रिक्स के लेवल-6 (35400-112400 रुपए) में सीधी भर्ती के आधार पर आशुलिपिक के 03 पदों (02 अनारक्षित - 01 आर्थिक रूप से पिछड़ी श्रेणी सहित तथा 01 अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित) को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

इच्छुक आवेदक अपना पूर्ण आवेदन-पत्र दो नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो और आयु तथा शैक्षिक योग्यता के समर्थन में प्रमाण पत्रों की स्व-साक्ष्यांकित प्रतियों सहित रोजगार समाचार-पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों के भीतर यानी दिनांक 28-11-2023 तक स्पीड पोस्ट से सचिव, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, चौथा तल, सेवा भवन, आर के पुरम, सेक्टर-I, नई दिल्ली-110066 को भेज दें। सरकारी विभागों/उपक्रमों/स्वायत्त निकायों आदि में पहले से कार्यरत उम्मीदवार अपने आवेदन उचित माध्यम से भेजें। आवेदन वाले लिफाफे पर स्पष्ट रूप से "आशुलिपिक के पद हेतु आवेदन" लिखा होना चाहिए।

ब्यूरो द्वारा सुयोग्य उम्मीदवारों के मामले में पात्रता और अन्य मानदंडों में छूट दी जा सकती है।

सचिव

आशुलिपिक पद का विवरण

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के तहत स्थापित भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निकाय है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा भारतीय नागरिकों से केन्द्र सरकार के नियमों के अनुसार देय भत्तों सहित पे मैट्रिक्स के लेवल-6 (35400-112400 रुपए) में सीधी भर्ती के आधार पर आशुलिपिक के 03 पदों (02 अनारक्षित - 01 आर्थिक रूप से पिछड़ी श्रेणी सहित तथा 01 अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित) को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । रिक्तियों की संख्या अनुमानित है और आवश्यकतानुसार भिन्न हो सकती है।

2. **इस पद के कर्तव्यों का विवरण निम्नलिखित है :**

"निदेशक / संयुक्त निदेशक सचिवालय का समग्र समन्वय और प्रबंधन; बैठकों की व्यवस्था करना, स्थानीय/विदेशी दौरों की व्यवस्था करना; फ़ोन कॉल सुनना, डाक/फ़ाइलों की निगरानी और छानबीन करना; डिक्टेशन लेना, ई-मेल का उत्तर भेजना और सौंपा गया अन्य कार्य करना"।

1.	पद का नाम:	**आशुलिपिक**
2.	पदों की संख्या और आरक्षण	**03 पद** **(02-अनारक्षित जिसमें 01- आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग और 01- अन्य पिछड़ा वर्ग शामिल हैं)**
3.	वर्गीकरण	केंद्र सरकार में ग्रुप 'बी' के समकक्ष । अराजपत्रित
4.	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	लेवल-6 (35400 – 112400 रुपए) (पूर्व-संशोधित 9300 – 34800 रुपए + ग्रेड पे 4200 रुपए)
5.	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा	30 वर्ष तक (केंद्र सरकार द्वारा जारी निदेशों / आदेशों के अनुसार विभागीय उम्मीदवारों सहित सरकारी कर्मचारियों के लिए पांच वर्ष तक की छूट)। नोट - आयु-सीमा निर्धारित करने की निर्णायक तिथि उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी, न कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य का लद्दाख डिवीजन, लाहौल और स्पीति जिला और हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के

		पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख।
6 .	सीधी भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य योग्यताएँ	**अनिवार्य :** (i) 10 + 2 या सीनियर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए; (ii) आशुलिपि में अंग्रेजी या हिंदी में अस्सी शब्द प्रति मिनट की गति होनी चाहिए; (iii) टंकण में अंग्रेजी में चालीस शब्द प्रति मिनट या हिंदी में तीस शब्द प्रति मिनट की गति होनी चाहिए; (iv) कंप्यूटर और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस में निपुणता; और (v) सीधे कंप्यूटर पर और शॉर्टहैंड में भी डिक्टेशन लेने में सक्षम होना चाहिए। **नोट** - अन्य सभी प्रकार से योग्य उम्मीदवार के मामले में केंद्र सरकार के विवेकानुसार योग्यताओं में छुट दी जा सकती है।
7.	परिवीक्षा की अवधि	सीधी भर्ती के लिए दो वर्ष।
8.	सीधी भर्ती द्वारा या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की पद्धति और विभिन्न तरीकों से भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत।	सीधी भर्ती द्वारा

****

अनुलग्नक - II

पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो चिपकाएं

<u>आशुलिपिक पद के लिए आवेदन</u>

1	नाम (स्पष्ट अक्षरों में)	
2	पिता/पति का नाम (स्पष्ट अक्षरों में)	
3	लिंग (पुरुष / महिला)	
4	जन्म की तारीख	
5	आवेदन की अंतिम तिथि को आयु	
6	श्रेणी (सामान्य /आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग /अनु.जाति /अनु. जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग)	
7	स्थायी पता	
8	पत्राचार का पता	

9	सम्पर्क - विवरण	संपर्क नंबर : - ईमेल आईडी : -
10	शैक्षिक योग्यता	
11	क्या आप पहले से ही सरकारी सेवा में हैं? यदि हां, तो कृपया रोजगार का विवरण दें और यह भी बताएं कि क्या वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र संलग्न है	

कालक्रमानुसार रोजगार का विवरण

संगठन/ संस्थान	धारित पद	नियमित/संविदा पर	से	तक	वेतनमान और मूल वेतन

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लिया है और वचन देता हूं कि ऊपर दिए गए विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सत्य हैं और कुछ भी छिपाया नहीं गया है। मैं यह भी जानता हूं कि यदि बाद में मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है, तो मेरी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

तारीख ________________

स्थान________________ **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

प्रतिहस्ताक्षरित

____

____

(**नियोक्ता मुहर सहित**)